# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/Proj/13/17/027 027 दिनांक: 25.04.2017

प्रेषक,

बालामुरुगन डी०, भा०प्र०से०,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी – सह – मिशन निदेशक।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,

जिला जल एवं स्वच्छता समिति,

बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, कटिहार, लखीसराय, मुंगेर, पटना, समस्तीपुर, सारण एवं वैशाली।

विषय : नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत गंगा किनारे अवस्थित ग्रामों को निर्धारित समय सीमा में खुले से शौच मुक्त करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय में आप सभी को विदित है कि नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत राज्य के गंगा किनारे अवस्थित 473 ग्रामों को पूर्व में निर्धारित समय सीमा दिसम्बर, 2017 तक खुले में शौच से मुक्त किया जाना था।

राज्य में आए बाढ़ एवं अन्य कारणों से एवं आप सभी के द्वारा आश्वासन प्राप्त होने के बाद 473 ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त करने हेतु निर्धारित समय सीमा को 31.03.2017 तक विस्तारित किया गया था।

इस संबंध में सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, तथा मुख्य सचिव, बिहार द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति हेतु आप सभी को कई अवसरों पर संबोधित एवं निदेशित भी किया गया है। आपके जिले के उप विकास आयुक्त एवं जिला समन्वयक को लगातर इस संबंध में अपेक्षित सहयोग एवं निदेश राज्य इकाई द्वारा दिया जा रहा है।

परन्तु 31 मार्च, 2017 तक राज्य के मात्र 243 गंगा किनारे अवस्थित ग्रामों को ही खुले में शौच से मुक्त किया गया है। सिर्फ खगड़िया जिला द्वारा अपने लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है।

राज्य स्तर एवं भारत सरकार के स्तर पर इस महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है तथा विगत एक सप्ताह से यह पाया गया है कि नमामि गंगे परियोजना में प्रगति लगभग नगण्य है जो काफी असंतोषजनक है।

दिनांक 24.04.2017 को मुख्य सचिव, बिहार एवं सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार द्वारा नमामि गंगे परियोजना की समीक्षा में लक्ष्य में विरूद्ध मात्र 43% की उपलब्धि नराजगी एवं असंतोष व्यक्त करते हुए निदेशित किया गया कि उक्त योजना को 30.04.2017 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाय।

नमामि गंगे परियोजना को निर्धारित समय सीमा अर्न्तगत पूर्ण करने हेतु जिला स्तर पर निम्न रणनीति को अपनाया जा सकता है :-

1. जिले में उपलब्ध सभी प्रखण्ड समन्वयक (एस०बी०एम०जी०) को नमामि गंगे परियोजना के ग्रामों में प्रतिनियुक्त किया जाय एवं प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध उनके कार्य की समीक्षा की जाय।
2. यदि आवश्यकता हो तो जिले में उपलब्ध अन्य मानव संसाधान यथा ~~मनरेगा~~ जीविका, इत्यादि के क्षेत्रीय कर्मियों को भी संबंधित ग्राम में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।
3. IMIS में सूचना अद्यतन करने हेतु जिला में न्यूनतम 10 (दस) डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों को चिन्हित कर विशेष रूप से नमामि गंगे परियोजना की सूचना को अद्यतन करवाया जाय।
4. जिला स्तर पर नमामि गंगे परियोजना के प्रतिदिन अनुश्रवण हेतु एक टीम का गठन किया जाय।
5. नमामि गंगे परियोजना के प्रत्येक ग्रामों में जिला स्तरीय पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त कर कार्य के प्रगति की समीक्षा की जाय।
6. राज्य इकाई द्वारा जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को जिला एवं ग्राम स्तर पर सहयोग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किया जाय।

राज्य इकाई द्वारा भी IMIS में सुधार तथा सूचना अद्यतन करने हेतु एवं नमामि गंगे परियोजना के जिलों से समन्वय स्थापित करने हेतु निम्न टीम का गठन किया जाता है जो प्रतिदिन प्रगति की प्रतिवेदन समर्पित करेंगे :-

1. डॉ० अशोक कुमार, जे०टी०एस०पी०,
2. श्री राम कुमार शुकला, जे०टी०एस०पी०,
3. श्री सचिन कुमार, जे०टी०एस०पी०एवं
4. जिला समन्वयक, एस०बी०एम०जी०, नवादा।

उपरोक्त के अतिरिक्त राज्य इकाई द्वारा नमामि गंगे परियोजना के विभिन्न जिलों में अपेक्षित प्रगति हेतु (संलग्न अनुलग्नक के अनुरूप) कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। राज्य इकाई द्वारा प्रतिनियुक्त सभी कर्मी दिनांक 25.04.2017 से ही अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे तथा प्रतिदिन नमामि गंगे परियोजना के प्रगति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे तथा प्रगति प्रतिवेदन राज्य समन्वयक एवं मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को समर्पित करेंगे।

| S.No | Name of GAP Districts | Name of Deputed Staff | Name Of Development Agency | ZSBP | Nodal officer for GAP District | State level IMIS team | Strategy to be adopted to achieve GAP target |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Patna | DC Kaimur | JTSP( wash coordinators to be | | | 1. Ashok Kumar<br>2. Ram Kumar<br>3. Sachin Kumar<br>4. DC Nawada | 1.Resource Mobilization: All Block Coordinator and other resources of District to be pulled in in GAP villages . If required ,Jeevika field functionaries to be depute in all respective GAP villages.<br>2. At least 10 computer operators to be deputed exclusively for GAP IMIS updation, based on availability of IHHL forms.<br>3. Set up District Level Monitoring Team exclusively for GAP village to monitor day-to day progress.<br>4. District level senior official to be appointed as "Nodal officer" for each GAP village.<br>5. Work on Mission Mode, so NO holidays or Sunday. |
| 2 | Bhagalpur | DC Madhepura | JTSP | | Nurul, Manager, HN | | |
| 3 | Vaishali | DC Darbhanga | UNICEF - 2 @District) | Minal Chauhan | | | |
| 4 | Samastipur | | Aga khan Rural Development | Sanha Salah | AVINASH YP-H&N | | |
| 5 | Katihar | DC Purnia | WSP | | Premendra-WSP | | |
| 6 | Munger | DC Madhubani | | | Divya YP-LSBA | | |
| 7 | Saran | DC muzaffarpur | UNICEF | | | | |
| 8 | Buxar | DC Aurangabad | JTSP | | | | |